# कार्यालय, उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञप्ति क्रमांक / स्था. / 2023 / 566 रायपुर, दिनांक 16.05.2023

## विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र कमांक एफ 13–01 / 2023 / आ.प्र. / 1–3, दिनांक 03.05.2023 एवं संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ का पत्र कमांक 23–2 / 1 / स्था. / अराज / 2023 / 1677, नवा रायपुर, दिनांक 12.05.2023 के निर्देशानुसार कार्यालय उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी, रायपुर के अन्तर्गत चतुर्थ श्रेणी (मेडिसीन मेकर, मेडिसीन पेकर, भृत्य, चौकीदार एवं स्वच्छक) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 06 / 06 / 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, रिक्तियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| सं.क. | पदनाम एवं वेतनमान | रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जन जाति | | | | अन्य पिछडा वर्ग | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू.सै. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 1 | मेडिसीन मेकर (वेतन मैट्रिक्स लेवल – 01) 15600–49400 | 08 | 07 | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 2 | मेडिसीन पेकर (वेतन मैट्रिक्स लेवल – 01) 15600–49400 | 02 | 01 | - | - | - | - | - | - | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | भृत्य (वेतन मैट्रिक्स लेवल – 01) 15600–49400 | 03 | 01 | - | - | - | 01 | - | - | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | चौकीदार (केवल पुरूष) (वेतन मैट्रिक्स लेवल– 01) 15600–49400 | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | स्वच्छक (वेतन मैट्रिक्स लेवल– 01) 15600–49400 | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | कुल योग :– | 15 | 11 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |

1. **शैक्षणिक योग्यता** :– शासन अथवा शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से आठवीं उत्तीर्ण।
2. **आयु सीमा** :– आयु दिनांक 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र क्रमांक एफ–3–2 / 2015 / 1–3, दिनांक 30.01.2019 के अनुसार सीधी भर्ती के पदों पर कैलेण्डर वर्ष 2023 की समाप्ति तक छ.ग. के स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दी गई 05 वर्ष की छुट की अवधि को दिनांक 01.01.2019 से 31.12.2023 अर्थात् 05 वर्ष तक बढ़ाया जाता है, अन्य विशेष वर्गो के लिये अधिकतम आयु सीमा में देय सभी छुट यथावत रहेगी, किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
3. **चयन प्रक्रिया** :– चयन शैक्षणिक योग्यता से प्राप्त अंको के मेरिट के आधार पर किया जावेगा।
4. **आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि** :– समस्त आवश्यक सहपत्रों सहित पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र कार्यालय, उपसंचालक शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी रायपुर जी.ई.रोड शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर रायपुर के पते पर पंजीकृत डाक / स्पीडपोस्ट के माध्यम से दिनांक 06.06.2023 को कार्यालयीन समय तक अथवा उसके पूर्व आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए, आवेदक कृपया ध्यान देवे कि डाक अथवा किन्ही कारण से होने वाले विलंब के लिए कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे एवं वे स्वतः ही निरस्त समझे जावेंगे। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र सीधे स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

5. **नियम व शर्ते :–**

1. चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी। उक्त अवधि में प्रथम वर्ष उस पद के वेतनमान के न्यून्तम का 70 प्रतिशत, द्वितीय 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत स्टायपेण्ड के साथ अन्य भत्ते नियामनुसार देय होंगे। परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर शासकीय सेवक का वेतन उस सेवा या पद को लागू समयमान का न्यूनतम नियत किया जावेगा।
2. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किये गये छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थीयों को चयन की दशा में छ.ग.सामान्य प्रशासन विभाग,मंत्रालय महानदी भवन, रायपुर के परिपत्र क्रमांक एफ 13–4/2006/आ. प्र./1–3, नया रायपुर, दिनांक 29.06.2013 के अनुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668 /2022 के आदेशों के अध्याधीन होगी।
5. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की (शासकीय सेवकों को छोडकर) छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. जन्मतिथि दर्शाने वाली शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
7. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया जावे।
8. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी, तथा ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे।
9. लिफाफे के ऊपर, आवेदित पद का नाम, विज्ञप्ति क्रमांक, दिनांक एवं आवेदक/आवेदिका का नाम व पता स्पष्ट रूप से अवश्य लिखा जावें अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
10. उम्मीदवार का चयन छ.ग. शासन द्वारा समय–समय जारी निर्देशों व मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा मापदंडो के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जावेगा।
11. उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही करें, अन्यथा आवेदन अमान्य कर दिया जायेगा।
12. विवाहित महिला उम्मीदवारों का नाम/उपनाम परिवर्तन संबंधी दस्तावेज/शपथपत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
13. शासकीय/अर्धशासकीय अथवा किसी निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
14. उम्मीदवारों का नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाया जावें, जो कि स्वप्रमाणित हो।
15. आवेदन के साथ संलग्न समस्त छायाप्रतियां स्वप्रमाणित होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
16. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
17. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य विवरण कार्यालयीन समय में कार्यालय उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी, रायपुर (छ.ग.) के सूचना फलक पर एवं कलेक्टर रायपुर के वेबसाइट www.raipur.govt.in में देखे जा सकते है।
18. उपरोक्तानुसार विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय होगी, जिसे कम/ज्यादा किया जा सकता है और निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नियुक्तिकर्त्ता अधिकारी को होगा।
19. नियुक्ति हेतु सिफारिश करने वाले, किसी भी प्रकार दबाव डलवाने वाले आवेदक का आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा।
20. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय रायपुर (छ.ग.) रहेगा।
21. इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन पत्र मान्य नही किया जायेगा।
22. स्वप्रमाणित दस्तावेज निम्न क्रमानुसार संलग्न करें:–
    1. छ.ग. का मूल निवासी प्रमाण पत्र।
    2. आयु संबंधी प्रमाण पत्र।
    3. आठवीं परीक्षा प्रमाण पत्र उत्तीर्ण।
    4. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
    5. यदि निर्धारित आयु सीमा में छुट चाही गई है तो प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।
    6. यदि आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है, तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र।

(हस्ताक्षर)
**उपसंचालक,** 16.05.2025
**शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी**
**रायपुर (छ.ग.)**

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

# आवेदन पत्र का प्रारूप

विज्ञप्ति/स्था./2023/ क्रमांक ............... रायपुर, दिनांक ......................

प्रति,

**उपसंचालक,**
**शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी,**
**रायपुर (छ.ग.)**

पासपोर्ट साईज
फोटो चस्पा करें
(स्वप्रमाणित)

1. आवेदित पद का नाम ..............................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) ..............................................................................
   (अंग्रेजी केपिटल लेटर्स में ) ..............................................................................
3. पिता/पति का नाम ..............................................................................
4. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) ..............................................................................
   ..............................................................................
   ............................ पिन कोड .............................. दूरभाष क्र......................
   (ब) स्थायी पता ..............................................................................
   ..............................................................................
5. जन्मतिथि अंको में ..............................शब्दों में ..............................
   (आठवीं/हाई स्कूल/हायर सेके.प्रमाण पत्र अनुसार)
   **आयु दिनांक 01.01.2023 को वर्ष ............. माह................ दिन ..................**
6. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है? हां/नहीं [ ]
7. संवर्ग (✓ करें) अनारक्षित [ ] अ0ज0जा0 [ ] अ0जा0 [ ] अ0पि0व0 [ ]
8. लिंग (✓ करें) पुरूष [ ] महिला [ ]
9. रोजगार पंजीयन क्रमांक ................................................ दिनांक ........................
10. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित उच्चतम आयु सीमा में छूट चाहता है? हां/नहीं ......................................
    यदि हां तो किस आधार पर ......................................
    (उक्त हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
11. क्या आप विवाहित है? हां/नहीं [ ]
12. यदि विवाहित हैं, तो विवाह की तिथि ......................................

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

13. शैक्षणिक योग्यता :–

| शैक्षणिक योग्यता | वि.वि. /बोर्ड/संस्था का नाम/अन्य | पूर्णांक | प्राप्तांक | श्रेणी | उत्तीर्ण होने का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

15. संलग्न प्रमाण पत्र की सूचीः–

1. ........................................ 2. ........................................ 3. ................................

4. ........................................ 5. ........................................ 6. ................................

7. ........................................ 8. ........................................ 9. ................................

## –:: घोषणा पत्र ::–

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पद के लिये मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ, मुझे जानकारी है, कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है, इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवाएं समाप्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

स्थान : ................................ आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक : ................................

नाम ........................................